कार्यालय मुख्य परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, उत्तराखण्ड
इन्दिरा नगर फौरेस्ट कालौनी, देहरादून।
**Phone No. 0135-2764244, 2768712**
**Tele fax no. 0135-2760170, 2762839**
www.wmduk.gov.in ; wmd-ua@nic.in

पत्रांक– /11–11 (8)/ **GEF-6 SSC**/2023–24 देहरादून दिनांक : अक्टूबर, 2023

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव,
   वित्त,
   उत्तराखण्ड शासन।
2. अपर मुख्य सचिव,
   जलागम प्रबन्धन
   उत्तराखण्ड शासन।
3. प्रमुख सचिव,
   वन एवं पर्यावरण,
   उत्तराखण्ड शासन।
4. सचिव,
   ग्राम्य विकास,
   उत्तराखण्ड शासन।
5. सचिव
   समाज कल्याण,
   उत्तराखण्ड शासन।
6. सचिव,
   कृषि,
   उत्तराखण्ड शासन।
7. सचिव,
   पशुपालन,
   उत्तराखण्ड शासन।
8. सचिव,
   उद्यान,
   उत्तराखण्ड शासन।

विषय :– **GEF-6 "Green-Ag: Transforming Indian Agriculture for Global Environmental Benefits and the Conservation of Critical Biodiversity and Forest Landscapes" की राज्य स्तरीय संचालन समिति की दिनांक 03 अक्टूबर, 2023 को अपरान्ह 12:30 बजे से आयोजित चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून द्वारा संचालित की जा रही जैफ वित्त पोषित GEF-6 "Green-Ag: Transforming Indian Agriculture for Global Environmental Benefits and the Conservation of Critical Biodiversity and Forest Landscapes" की "राज्य स्तरीय संचालन समिति" की चतुर्थ बैठक अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में **दिनांक 03 अक्टूबर, 2023 को अपरान्ह 12:30 से** देवेन्द्र शास्त्री भवन परिसर, सचिवालय स्थित F.R.D.C. बैठक कक्ष में आयोजित की गयी। बैठक का कार्यवृत्त संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

संलग्नक– यथोपरि।

भवदीया,

**Signed by Neena Grewal**
**Date: 26-10-2023 13:01:11**

(नीना ग्रेवाल)
सदस्य
राज्य स्तरीय संचालन समिति/
परियोजना निदेशक, जैफ–6
जलागम प्रबन्ध निदेशालय, उत्तराखण्ड।

..क्रमशः पृष्ठ संख्या 2...

पत्रांक– /11–11 (8)/GEF-6 SSC/2023–24 तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं बैठक में प्रतिभाग करने हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव), उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. अध्यक्ष, राज्य जैव एवं विविधता बोर्ड, उत्तराखण्ड।
3. कुलपति अथवा उनके द्वारा नामित कोई प्रतिनिधि, गो.ब.प.कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि0वि, पन्तनगर।
4. परियोजना निदेशक, जैफ–6।
5. निदेशक, भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा नामित डॉ0 मोनाली सेन, वैज्ञानिक–E एवं कुलसचिव, WII.
6. जिलाधिकारी, पौडी।
7. नेशनल प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट यूनिट (NPMU)।
8. विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO), New Delhi के प्रतिनिधि.
9. प्रतिनिधि, तितली ट्रस्ट, विला 49, राजपुर रोड एनक्लेव, धोरण खास, देहरादून।
10. प्रतिनिधि, WWF-India, 30/9A, Pine Hall School Lane, Rajpur Road, Dehradun

संलग्नक– यथोपरि

(नीना ग्रेवाल)
सदस्य
राज्य स्तरीय संचालन समिति/
परियोजना निदेशक, जैफ–6
जलागम प्रबन्ध निदेशालय, उत्तराखण्ड।

पत्रांक– /11–11 (8)/GEF-6 SSC/2023–24 तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपिः**– मुख्य परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून को अवलोकनार्थ प्रेषित।

संलग्नकः– यथोपरि

(नीना ग्रेवाल)
सदस्य
राज्य स्तरीय संचालन समिति/
परियोजना निदेशक, जैफ–6
जलागम प्रबन्ध निदेशालय, उत्तराखण्ड।

पत्रांक– /11–11 (8)/GEF-6 SSC/2023–24 तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपि**– मुख्य निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय के संज्ञानार्थ प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

संलग्नक– यथोपरि

(नीना ग्रेवाल)
सदस्य
राज्य स्तरीय संचालन समिति/
परियोजना निदेशक, जैफ–6
जलागम प्रबन्ध निदेशालय, उत्तराखण्ड।

I/38762/2023 श्री आनन्द बर्द्धन, अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में दिनांक 03 अक्टूबर, 2023 को देवेन्द्र शास्त्री बैठक कक्ष, उत्तराखण्ड सचिवालय में आहूत जलागम प्रबन्धन विभाग द्वारा संचालित **Global Environment Facilitate (GEF)** वित्त पोषित **GEF-6 Project "Green-Ag: Transforming Indian Agriculture for Global Environmental Benefits and the Conservation of Critical Biodiversity and Forest Landscapes"** की राज्य स्तरीय संचालन समिति की चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त।

**[बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों की सूची संलग्नक–1 पर है]**

सर्वप्रथम श्रीमती नीना ग्रेवाल, परियोजना निदेशक, जैफ–6 द्वारा अध्यक्ष महोदय तथा बैठक में उपस्थित राज्य स्तरीय संचालन समिति के समस्त सदस्यों एवं रेखीय विभागों के प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् परियोजना निदेशक द्वारा समिति के सम्मुख जैफ–6 परियोजना का संक्षिप्त विवरण एवं अद्यतन प्रगति का प्रस्तुतिकरण किया गया। प्रस्तुतिकरण के उपरान्त बैठक हेतु निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं पर किये गये विचार–विमर्श एवं लिये गये निर्णय का बिन्दुवार विवरण निम्नवत हैः–

| एजेंडा बिन्दु | बिन्दु पर विचार–विमर्श | अभ्युक्ति / निर्णय |
|---|---|---|
| एजेंडा बिन्दु –1 | **स्टेट स्टीयरिंग कमेटी की तृतीय बैठक दिनांक 10 अगस्त, 2022 के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही का अनुमोदन।**<br><br>परियोजना निदेशक, जैफ–6 द्वारा विगत बैठक के कार्यवृत्त पर बिन्दुवार कृत कार्यवाही से समिति को विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है–<br><br>• वित्तीय वर्ष 2022–23 की स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना रू0 434.848 लाख के सापेक्ष कुल रू0 157.58 लाख का व्यय किया गया। NPMU से Green Landscape Management Plans (GLMP's) की स्वीकृति विलम्ब से (माह नवम्बर, 2022) प्राप्त होने के कारण ग्राम पंचायतों में लाभार्थीपरक गतिविधियां देरी से प्रारम्भ हुई।<br><br>• वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु अनुमोदित Procurement Plan के अनुरूप एवं आवश्यकता के अनुसार कार्यालय फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिन्टर आदि उपयोगी / महत्वपूर्ण सामग्रियों आदि का क्रय किया गया। वास्तविक Procurement Plan एजेण्डा बिन्दु संख्या 3 में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया है।<br><br>• भारतीय वन्यजीव संस्थान, चन्द्रबनी द्वारा Study on Human-Wildlife Conflict अध्ययन किया गया, जिसकी अन्तिम रिपोर्ट उपलब्ध करा दी गई है। | |

| एजेंडा बिन्दु | बिन्दु पर विचार–विमर्श | अभ्युक्ति / निर्णय |
|---|---|---|
| | • अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में अध्ययन हेतु चयनित दो विषयों यथा " Study on Sustainable Energy Alternatives" व "Study on incentives for reviving agro biodiversity" को Individual Consultants के माध्यम से कराये जाने हेतु प्रक्रिया की गई है।<br>• Study on Sustainable Energy Alternatives हेतु डा0 शम्भू सजिथ, प्रोफेसर, UPES, देहरादून से 3.98 लाख का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।<br>• Study on incentives for reviving agro biodiversity हेतु डा0 सलिल तिवारी, प्रोफेसर (सेवानिवृत्त), GBPUAT Pantnagar को पत्र प्रेषित किया गया है।<br>• Individual Consultants द्वारा उक्त दोनों अध्ययन चार माह के अन्तर्गत पूर्ण किये जायेंगे।<br>• परियोजना की Green Landscape Management Plan (GLMP) को परियोजना क्षेत्र के हितधारकों के साथ विचार–विमर्श करने के उपरान्त तैयार किया गया है। तैयार GLMP की FAO प्रतिनिधियों द्वारा सराहना की गई।<br>• परियोजना अन्तर्गत केन्द्राभिसरण पर बल दिया जा रहा है एवं केन्द्राभिसरण के माध्यम से की गई गतिविधियों का Documentation भी किया गया है।<br><br>**समिति से विगत बैठक के कार्यवृत्त के एजेण्डा बिन्दुओं पर कृत कार्यवाही के अनुमोदन हेतु अनुरोध किया गया।** | समिति द्वारा विगत बैठक के कार्यवृत्त के बिन्दुओं पर कृत कार्यवाही का अनुमोदन किया गया। |
| एजेंडा बिन्दु –2 | **GEF-6 परियोजना के वित्तीय वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना एवं बजट (AWPB) रू0 516.192 लाख का अनुमोदन।**<br>परियोजना निदेशक, जैफ–6 द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि परियोजना के वित्तीय वर्ष 2023–24 की प्रस्तावित कार्ययोजना रु0 516.192 लाख की तैयार की गई है।<br><br>समिति को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में | |

<table>
<tr><th>एजेंडा बिन्दु</th><th>बिन्दु पर विचार–विमर्श</th><th>अभ्युक्ति / निर्णय</th></tr>
<tr><td></td><td>परियोजना कार्यों हेतु रू0 388.80 लाख की माँग का प्रस्ताव तैयार कर, दिनांक 21 अगस्त, 2023 को, खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) को प्रेषित किया गया था, जोकि तकनीकि कारण से लम्बित है। FAO प्रतिनिधियों द्वारा शीघ्र बजट धनराशि अवमुक्त करने का आश्वासन दिया गया।<br><br>वित्तीय वर्ष में माह सितम्बर, 2023 तक पूर्ण किये गये प्रमुख कार्य निम्नवत हैं–<br>• दिनांक 18 सितम्बर, 2023 को रेखिय विभागों के साथ Convergence and Planning Workshop का आयोजन।<br>• 20 School Eco-clubs का गठन।<br>• 52 ग्राम स्तरीय कार्यान्वयन समिति (VICs) की बैठकों का आयोजन।<br>• अदरक एवं हल्दी के Farmer Field School (FFS) प्रारम्भ हो चुके हैं।<br>• Homestead Plantation गतिविधि अन्तर्गत नींबू, आंवला, नीम आदि के वृक्षों को लगाया गया है।<br>• परियोजना क्षेत्र में विभिन्न रेखीय विभागों के साथ केन्द्राभिसरण कर गतिविधियां की गई हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है–<br>✓ कृषि विभाग के साथ बीज, खाद आदि का वितरण।<br>✓ उद्यान विभाग के साथ पॉली हाउस, फल पौध वितरण, प्रशिक्षण आदि।<br>✓ पशुपालन विभाग के साथ गाय / बकरी / कुक्कुट पालन, पशुधन बीमा, टीकाकरण आदि।<br>✓ वन विभाग के साथ वृक्षारोपण, झाड़ी कटान, फेंसिंग, अमृत सरोवर निर्माण आदि।<br>✓ ग्राम्य विकास विभाग के साथ चाल–खाल निर्माण, खन्ती खुदान का कार्य, बकरीबाड़ा, चैक डैम, कम्पोस्ट पिट आदि का कार्य।<br>✓ लघु सिंचाई विभाग के साथ रीटेनिंग वॉल, गूल निर्माण आदि।</td><td></td></tr>
</table>

| एजेंडा बिन्दु | बिन्दु पर विचार–विमर्श | अभ्युक्ति / निर्णय |
|---|---|---|
| | **वित्तीय वर्ष 2023–24 के शेष माहों में प्रस्तावित प्रमुख कार्य निम्नवत हैं–**<br>• धनराशि रू0 200.00 लाख परियोजना अन्तर्गत चयनित ग्राम पंचायत / राजस्व ग्रामों में आवश्यकतानुसार विभिन्न लाभार्थीपरक गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु उपलब्ध है।<br>• 'कृषि पर्यावरण एवं विकास विषय पर राज्य स्तरीय संवाद' कार्यशाला।<br>• दो नवीन विषयों यथा 'Study on Green Value Chains' & 'Study on local procurement for Social safety net programs' पर अध्ययन।<br>• 36 Green Landscape Information Platform स्थापित किये जायेंगे।<br>• Capacity development & Implement FFS on Green Landscape Governance, Green Agriculture, Livestock Management.<br>• तेजपत्ता नर्सरी की स्थापना प्रस्तावित है।<br><br>**समिति से वित्तीय वर्ष 2023–24 की प्रस्तावित कार्ययोजना रू0 516.192 लाख के अनुमोदन हेतु अनुरोध किया गया।** | समिति द्वारा परियोजना के वित्तीय वर्ष 2023–24 की प्रस्तावित वार्षिक कार्य योजना रू0 516.192 लाख का अनुमोदन किया गया। |
| एजेंडा बिन्दु–3 | **GEF-6 परियोजना के वित्तीय वर्ष 2022–23 के वास्तविक Procurement Plan तथा वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु प्रस्तावित Procurement Plan का अनुमोदन।**<br>परियोजना निदेशक, जैफ–6 द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि–<br>➢ परियोजना के क्रियान्वयन हेतु स्थापित दो Units- State Project Management Unit (SPMU), Dehradun व Green Landscape Implementation Unit (GLIU), Pauri में सुचारू परियोजना कार्य सम्पादन हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 में क्रय किये गये Goods, Works & Services का वास्तविक विवरण Procurement Plan के रूप में प्रस्तुत किया गया है। | |

| एजेंडा बिन्दु | बिन्दु पर विचार–विमर्श | अभ्युक्ति / निर्णय |
|---|---|---|
| | ➢ उक्त के साथ ही वित्तीय वर्ष 2023–24 में SPMU एवं GLIU में क्रय किये जाने वाले Goods, Works & Services का अनुमानित विवरण Procurement Plan के रूप में प्रस्तुत किया गया है। संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है–<br>• परियोजना क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में Green Landscape plans implementation support गतिविधि के अन्तर्गत विभिन्न लाभार्थीपरक गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु आवश्यकतानुसार सामग्री क्रय किया जायेगा।<br>• वित्तीय वर्ष में दो नवीन अध्ययन यथा Study on Green Value Chains एवं Study on local procurement for Social safety net programs किये जाने प्रस्तावित है।<br>• FAO के सहयोग से 36 Green Landscape Information Platform की स्थापना हेतु सामग्री क्रय।<br>• SPMU/GLIU कार्यालयों में आवश्यक कार्यालय सामग्री आदि का क्रय किया जायेगा। | |
| | **समिति से वित्तीय वर्ष 2022–23 के वास्तविक Procurement Plan तथा वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु प्रस्तावित Procurement Plan के अनुमोदन हेतु अनुरोध किया गया।** | समिति द्वारा परियोजना के वित्तीय वर्ष 2022–23 के वास्तविक Procurement Plan एवं वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु प्रस्तावित Procurement Plan का अनुमोदन किया गया। |
| एजेंडा बिन्दु–4 | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य बिन्दु।**<br>श्री राकेश सिन्हा, परियोजना निदेशक, जैफ–6, FAO द्वारा विभिन्न रेखीय विभागों के प्रतिनिधियों के साथ केन्द्राभिसरण करने के उद्देश्य से पौड़ी जनपद के बाहर एक संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित करने का सुझाव दिया गया। | प्राप्त सुझाव का संज्ञान लेते हुये अध्यक्ष महोदय द्वारा केन्द्राभिसरण करने के उद्देश्य से समस्त रेखीय विभागों के साथ पौड़ी जनपद के बाहर आवश्यकतानुसार दो अथवा तीन दिवसीय संवेदीकरण |

| एजेंडा बिन्दु | बिन्दु पर विचार—विमर्श | अभ्युक्ति / निर्णय |
|---|---|---|
| | अन्त में अध्यक्ष महोदय द्वारा परियोजना के उद्देश्यों की सराहना करते हुये बैठक में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। | कार्यशाला आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया। |

Signed by Neena Grewal
(नीना ग्रेवाल)
Date: 09-10-2023 11:10:35
सदस्य सचिव,
राज्य स्तरीय संचालन समिति,
परियोजना निदेशक (जैफ—6),
जलागम प्रबन्ध निदेशालय, उत्तराखण्ड।

अनुमोदित,
Signed by Anand Bardhan
Date: 20-10-2023 18:12:46
(आनन्द बर्द्धन)
अध्यक्ष,
राज्य स्तरीय संचालन समिति,
अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त,
उत्तराखण्ड शासन।

..............................

'संलग्नक–1'

दिनांक 03 अक्टूबर, 2023 को अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता मे **GEF-6 'Green-Ag.'** परियोजना की ''राज्य स्तरीय संचालन समिति'' की चतुर्थ बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों की सूची।

| क0स0 | अधिकारी / कर्मचारी का नाम | पदनाम | कार्यालय / संस्था |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती नीना ग्रेवाल | परियोजना निदेशक, जैफ–6 | जलागम प्रबन्ध निदेशालय |
| 2. | श्री सी0 कोण्डा रेड्डी | AFAOR | विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन, नई दिल्ली |
| 3. | श्री आर0बी0 सिन्हा | परियोजना निदेशक | खाद्य एवं कृषि संगठन, नई दिल्ली |
| 4. | सुश्री कहकशां नसीम | अपर सचिव | वन एवं पर्यावरण |
| 5. | श्री राजेन्द्र कुमार | अपर सचिव | समाज कल्याण विभाग |
| 6. | श्री प्रदीप जोशी | संयुक्त सचिव | जलागम प्रबन्धन |
| 7. | श्री अरविन्द सिंह पांगती | संयुक्त सचिव | ग्राम्य विकास विभाग |
| 8. | डा0 जगमोहन सिंह असवाल | संयुक्त सचिव | पशुपालन विभाग |
| 9. | श्री प्रदीप शुक्ला | उप सचिव | जलागम प्रबन्धन |
| 10. | श्री एस0एस0 त्रिपाठी | उप सचिव | वित्त विभाग |
| 11. | श्री के0सी0 पाठक | निदेशक | कृषि निदेशालय |
| 12. | डा0 आर0के0 सिंह | अपर निदेशक | उद्यान विभाग |
| 13. | श्री दीपक चन्द्र भट्ट | मुख्य वित्त अधिकारी | जलागम प्रबन्ध निदेशालय |
| 14. | डा0 डी0एस0 रावत | उप निदेशक (नियोजन) | जलागम प्रबन्ध निदेशालय |
| 15. | डा0 सिद्धार्थ शंकर श्रीवास्तव | उप निदेशक, जैफ–6 | जलागम प्रबन्धन, पौडी |
| 16. | श्री राजेश तिवारी | जिला उद्यान अधिकारी | उद्यान विभाग, पौड़ी |
| 17. | डा0 ऐ0के0 श्रीवास्तव | उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी | पशुपालन विभाग |
| 18. | डा0 पंकज जोशी | प्रतिनिधि | WWF-India |
| 19. | डा0 जे0सी0 पाण्डेय | राज्य तकनीकी समन्वयक | जलागम प्रबन्ध निदेशालय |
| 20. | श्री गुलशन सिंह बिष्ट | अपर सांख्यिकीय अधिकारी | जलागम प्रबन्ध निदेशालय |
| 21. | श्री सोहन सिंह रावत | वरिष्ठ सहायक | जलागम प्रबन्ध निदेशालय |
| 22. | श्री मनोज सेमवाल | ICT Expert, UCRRFP | जलागम प्रबन्ध निदेशालय |
| 23. | डा0 विजयपाल राणा | MIS Expert, UCRRFP | जलागम प्रबन्ध निदेशालय |
| 24. | डा0 विकास वत्स | Climate Change Expert, UCRRFP | जलागम प्रबन्ध निदेशालय |
| 25. | श्री जे0पी0 बहुगुणा | एकाउन्टिंग ऑफीसर, जैफ–6 | जलागम प्रबन्ध निदेशालय |
| 26. | श्री अशोक कुमार | इक्जीक्यूटिव एसिसटेन्ट | जलागम प्रबन्ध निदेशालय |